प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षा को सशक्तीकरण का शक्तिशाली साधन बताया है। आज नई दिल्ली में जनजातीय छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं ने जनजातीय समुदाय को उच्च शिक्षा के अवसर देकर उनका जीवन बदला है। राष्ट्रपति ने युवाओं से आधुनिक शिक्षा और तकनीक को अपनाने की अपील की।

****

नई दिल्ली में कल आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में देश की 42 पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें झारखंड के पाकुड़ जिले की झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत ने महिला हितैषी पंचायत श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान पाकर राज्य का नाम रोशन किया है।

****

गिरिडीह में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। पांडेयडीह के किसानों का कहना है कि समय पर मिलने वाली दो–दो हजार रुपये की राशि से उन्हें खाद–बीज खरीदने में मदद मिल रही है। इस योजना ने महाजनों पर उनकी निर्भरता खत्म कर किसानों का आत्मबल मजबूत किया है।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से श्री मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार में डूबे माफिया और अधिकारी एसीबी की मदद से भी नहीं बच पाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता की कमाई लूटने वालों की असली मंजिल जेल होगी।

****

सरायकेला–खरसावां में जनगणना 2027 के कार्य में लापरवाही बरतने पर बड़ी कार्रवाई हुई है। चांडिल के प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हराधन भूमिज के खिलाफ आरोप पत्र गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिलने पर जिला जनगणना कोषांग ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया है।

****

हजारीबाग के नोनियाबेडा में सीसीएल, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला उत्खनन के चार मुहानों को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कोयला तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और अवैध कारोबार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

****

जमशेदपुर पुलिस ने गोलमुरी गोलीकांड का पर्दाफाश करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त लोडेड पिस्तौल, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की है। एसएसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि नामदा बस्ती में दहशत फैलाने और रंगदारी के मकसद से मुख्य साजिशकर्ता विकास सिंह गिल ने इस घटना को अंजाम दिया था।

****

देवघर में 31 जुलाई से शुरू हो रहे राजकीय श्रावणी मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार मेला फेस रिकग्निशन और एआई तकनीक से लैस होगा। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि आम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वीआईपी दर्शन पूरी तरह बंद रहेंगे। सभी बुनियादी सुविधाएं समय पर पूरी की जाएंगी।

****

जमशेदपुर में आयोजित 15वीं झारखंड राज्य सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में जेएसएसपीएस के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया है। रांची के प्रथमी सिंह सरदार ने एक स्वर्ण और चार रजत सहित कुल पांच पदक जीते। वहीं, लखिंदर सिंह मुंडा ने भी कांस्य पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया।

*******समाप्त*******